# <u>शपथ पत्र का आलेख</u>

नोटरी से सत्यापित शपथ पत्र रूपये 100/– के स्टाम्प पेपर पर

समक्ष – राज्य स्तरीय समिति, काष्ठ आधारित उद्योग, उ0प्र0, लखनऊ।

**(एम0डी0एफ0/एच0डी0एफ, पार्टिकल बोर्ड एवं एम0डी0एफ0/एच0डी0एफ0+पार्टिकल बोर्ड इकाईयों के रजिस्ट्रेशन के नियम एवं शर्तो के पालन के सम्बन्ध में)**

| स्टाम्प पेपर पर फोटो चस्पा करें |
|---|

मैं शपथी/शपथिनी ...................................... उम्र लगभग .......... वर्ष .............. पुत्र/पुत्री/पत्नी ......................................... निवासी (पूरा पता) ............................ शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करता/करती हूँ-

1. यह कि शपथी/शपथिनी या शपथी/शपथिनी की कम्पनी/फर्म............................................................................. को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश (पूर्व नाम वन एवं वन्य जीव विभाग) द्वारा एम0डी0एफ/एच0डी0एफ0, पार्टिकल बोर्ड एवं एम0डी0एफ/एच0डी0एफ0+पार्टिकल बोर्ड इकाई के रजिस्ट्रेशन करने हेतु आवेदन किया जा रहा है।

2. एम0डी0एफ/एच0डी0एफ0, पार्टिकल बोर्ड एवं एम0डी0एफ/एच0डी0एफ0+पार्टिकल बोर्ड इकाई का स्वामित्व .............................. कम्पनी/फर्म का है जिसके द्वारा शपथी/शपथिनी को षपथ-पत्र देने हेतु अधिकृत किया गया है।

3. यह कि एम0डी0एफ/एच0डी0एफ0, पार्टिकल बोर्ड एवं एम0डी0एफ/एच0डी0एफ0+पार्टिकल बोर्ड इकाई को संचालित करने हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा रजिस्ट्रेशन की आवष्यकता है। विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन के आवेदन हेतु शर्तो का पालन शपथी द्वारा किया जायेगा, जो कि निम्नानुसार हैं-

   1. इकाई द्वारा 30 सेमी0 व्यास से अधिक के बैण्ड सॉ, रीसॉ या चक्रीय आरा का प्रचालन नहीं किया जायेगा।-
   2. उक्त इकाईयों द्वारा वन क्षेत्र से उत्पादित काष्ठ का प्रयोग नहीं किया जायेगा। इकाईयों द्वारा वन क्षेत्र के बाहर उत्पादित काष्ठ का प्रयोग किया जायेगा।
   3. इकाईयों उक्त उक्त इकाईयों द्वारा Lops & tops, Wood waste, Saw Dust, गैर प्रकाष्ठ, कच्चा माल तथा Agri-waste (Bagasse, Parali etc.) आदि का प्रयोग किया जा सकेगा।
   4. उक्त इकाईयों द्वारा प्रदेश में कृषि-वानिकी/कृषिगत फसलों के रूप में घोषित प्रजातियां और/या राज्य में पातन तथा अभिवहन व्यवस्था के अधिकार क्षेत्र से छूट प्राप्त और जायज स्रोतों से प्राप्त गोल लट्ठों/इमारती लकड़ी का प्रयोग किया जा सकेगा।
   5. आवेदक/संचालक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए ।
   6. यह रजिस्ट्रेशन 05 वर्षों के लिये मान्य होगा।
   7. आवेदक द्वारा निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा किया जायेगा । प्रथम बार रजिस्ट्रेशन हेतु 01 वर्ष से 05 वर्ष तक की अवधि हेतु निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क इकाई स्वामी द्वारा एक मुश्त ऑनलाइन जमा किया जायेगा। तत्पश्चात आगामी वर्षो हेतु रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण 01 वर्ष से 05 वर्ष तक की अवधि हेतु तत्समय निर्धारित शुल्क ऑनलाइन जमा कर, किया जा सकेगा ।
   8. रजिस्ट्रेशन की अवधि समाप्त होने से 3 माह पूर्व रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण कराया जाना होगा। नवीनीकरण हेतु तत्समय निर्धारित शुल्क इकाई स्वामी द्वारा जमा कराया जाना होगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में आवेदक के अनुरोध पर उक्त समय-सीमा को अध्यक्ष, राज्य स्तरीय समिति द्वारा 03 माह हेतु अवधि विस्तार किया जा सकता है। उक्त विस्तारित अवधि के पश्चात समय-सीमा बढ़ाये जाने का निर्णय राज्य स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा।

9. रजिस्ट्रेशन शुल्क हेतु निम्नानुसार प्रस्तावित किया जा रहा है –

| इकाई का नाम | वार्षिक शुल्क (रु में) | प्रथम 5 वर्षों के लिये शुल्क (रु में) |
|---|---|---|
| सूक्ष्म उद्योग की श्रेणी के काष्ठ आधारित उद्योग इकाई के लिए उपकरण)एवं संयंत्र )Plant and Machinery) की लागत रू0 25 लाख से अधिक न हो( | 30,000 | 1,50,000 |
| लघु उद्योग की श्रेणी के काष्ठ आधारित उद्योग इकाई के लिए (उपकरण एवं संयंत्र (**Plant and Machinery)** की लागत रू 25 लाख से अधिक किन्तु रू 5 करोड़ से अधिक न हो) | उपकरण एवं संयंत्र की लागत का 1% किन्तु न्यूनतम रू 30,000 एवं अधिकतम रू 3.00 लाख | उपकरण एवं संयंत्र की लागत का 5% किन्तु न्यूनतम रू0 1.5 लाख एवं अधिकतम रू0 15.00 लाख |
| मध्यम उद्योग की श्रेणी के काष्ठ आधारित उद्योग इकाई के लिए (उपकरण एवं संयंत्र (**Plant and Machinery)** की लागत रू 5 करोड़ से अधिक किन्तु 10 करोड़ से अधिक न हो) | उपकरण एवं संयंत्र की लागत का 1% किन्तु अधिकतम रू 6.00 लाख | उपकरण एवं संयंत्र की लागत का 5% किन्तु अधिकतम रू 30.00 लाख |
| अन्य श्रेणी के काष्ठ आधारित उद्योग इकाई के लिये (उपकरण एवं संयंत्र (**Plant and Machinery)** की लागत रू 10 करोड़ से अधिक) | उपकरण एवं संयंत्र की लागत का 1% किन्तु अधिकतम रू 20.00 लाख | उपकरण एवं संयंत्र की लागत का 5% किन्तु अधिकतम रू 1.00 करोड़ |

10. इकाई स्वामी द्वारा उपकरण एवं संयंत्र (**Plant and Machinery)** की अनुमानित लागत का उल्लेख फार्म में किया जायेगा, जिसके आधार पर इकाई स्वामी द्वारा रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा किया जायेगा। यदि भविष्य में उक्त अनुमानित लागत में कोई बढ़ोत्तरी होती है तो इकाई स्वामी द्वारा बकाया रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा किया जायेगा ।

11. सक्षम अधिकारी से रजिस्ट्रेशन निर्गत होने के पश्चात 06 माह के भीतर भूमि क्रय/लीज तथा मशीनों को क्रय करने का आदेश इकाई स्वामी द्वारा दिया जायेगा। भूमि क्रय/लीज तथा मशीनों को क्रय करने का आदेश को आवेदक द्वारा अपलोड किया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में उक्त समय-सीमा को क्रमशः 03 माह एवं 03 माह का अवधि विस्तार अध्यक्ष, राज्य स्तरीय समिति द्वारा इकाई स्वामी के अनुरोध पर प्रदान करने पर दिया जा सकता है। उक्त अवधि के पश्चात अग्रिम विस्तार पर दिये जाने पर राज्य स्तरीय समिति द्वारा निर्णय लिया जायेगा ।

12. इकाई स्वामी द्वारा वार्षिक रजिस्ट्रेशन शुल्क के अतिरिक्त इकाई/फर्म को एक बार निम्नानुसार एक मुश्त धनराशि (One Time Payment) जमा करनी होगी -

एम0डी0एफ0/एच0डी0एफ0 इकाई - रू 30 लाख

पार्टिकल बोर्ड इकाई - रू 30 लाख

एम0डी0एफ0/एच0डी0एफ0 + पार्टिकल बोर्ड संयुक्त इकाई - रू 50 लाख उक्त धनराशि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 के राज्य स्तरीय समिति के अन्तर्गत संचालित काष्ठ आधारित उद्योग के बैंक खाते में रखी जायेगी तथा इसका उपयोग वनों की सुरक्षा एवं संरक्षण में किया जायेगा ।

13. इकाई को निकटतम अधिसूचित वनों अथवा संरक्षित क्षेत्रों की सीमा से माननीय सर्वोच्च न्यायालय/सम्बन्धित राज्य के माननीय उच्च न्यायालय/केन्द्रीय अधिकार प्राप्त समिति के राज्य विशिष्ट आदेश/अनुमोदन के अनुसार, सड़क के किनारे/रेलवे के किनारे/नहर के किनारे के वृक्षारोपणों को अपवर्जित करते हुए, निकटम अधिसूचित वनों अथवा संरक्षित क्षेत्रों की सीमा से 10 किलोमीटर की हवाई दूरी से अधिक, जो भी कम हो, प्रचालन की अनुमति प्रदान की जायेगी। इकाई निकटतम अधिसूचित वन अथवा संरक्षित क्षेत्र की सीमा से हवाई दूरी पर ध्यान दिये बिना किसी **Industrial Estate** अथवा किसी नगर पालिका क्षेत्र में स्थापित किये जा सकते हैं ।

14. इकाई के मालिक/संचालक/आवेदक या उसके परिवार के विरूद्ध कोई वन अपराध लम्बित न हों ।

15. इकाई स्वामी को इकाई में प्रयोग किये गये काष्ठ का विवरण निर्धारित प्रपत्र में संधारित करना होगा।

16. आवेदक द्वारा एम0डी0एफ0/एच0डी0एफ0,पार्टिकल बोर्ड एवं एम0डी0एफ0/एच0डी0एफ0 + पार्टिकल बोर्ड इकाई से सम्बन्धित नियमों/शर्तों का पालन करने सम्बन्धी शपथ पत्र आवेदन पत्र के साथ अपलोड करना होगा।

17. रजिस्ट्रेशन इकाई का नामान्तरण एवं स्थानान्तरण राज्य स्तरीय समिति के अनुमोदन के पश्चात ही किया जायेगा।

18. रजिस्ट्रेशन इकाई के स्वामित्व का परिवर्तन जिनमें Majority Shareholding तथा Partner के नाम परिवर्तन भी सम्मिलित है, इकाई के व्यवसायिक उत्पादन प्रारम्भ करने के पूर्व नहीं किया जायेगा।

19. प्रत्येक आवेदक को आवेदन पत्र में वचनबद्धता देनी होगी कि वह काष्ठ आधारित उद्योग इकाई की स्थापना और संचालन के लिए प्रासंगिक सभी कानूनों/नियमों/निर्णयों एवं राज्य स्तरीय समिति काष्ठ आधारित उद्योग उत्तर प्रदेश, अन्य राजकीय संस्थानों, न्यायालय जिसमें सुसंगत मार्ग निर्देशों/नियमावलियों/भारतीय वन अधिनियम आदि के अनुसार राज्य स्तरीय समिति द्वारा प्राधिकृत अधिकारी भी शामिल है, जारी सभी निर्देशों का पालन करेगा। आवेदक को केन्द्र एवं राज्य सरकार के तथा उनके प्राधिकरणों से वांछित अनुमति/एन0ओ0सी0 प्राप्त करनी होगी।

20. आवेदक द्वारा शर्तों का उल्लंघन किये जाने पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 को उचित कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

4. यह कि यदि शपथी द्वारा एम0डी0एफ/एच0डी0एफ0, पार्टिकल बोर्ड एवं एम0डी0एफ/एच0डी0एफ0+पार्टिकल बोर्ड इकाई स्थापित होने वाली भूमि पर भविष्य में कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसका पूर्ण उत्तरदायित्व शपथी/शपथिनी का होगा।

5. यदि शपथी द्वारा प्रस्तुत/अपलोड की गयी कोई सूचना/अभिलेख गलत पाया जाता है अथवा शर्तों का उल्लंघन किया जाता है तो उत्तर प्रदेश शासन एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेष के पास रजिस्ट्रेशन निरस्त करने की कार्यवाही का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

स्थान- ............................ शपथी/शपथिनी

दिनांक- ............................ (हस्ताक्षर)

(पूरा नाम)

## सत्यापन

मैं शपथी/शपथिनी उपरोक्त सत्यापित करता/करती हूँ कि शपथ पत्र में दिये गये तथ्य मेरी जानकारी में सत्य एवं सही हैं तथा कुछ भी छिपाया नहीं गया है। आज दिनांक .................... को ......................... में हस्ताक्षर कर शपथ पत्र सत्यापित किया।

स्थान- ............................ शपथी/शपथिनी

दिनांक- ............................ (हस्ताक्षर)

(पूरा नाम)